ट्रेन के धीमी गति से चलने की शिकायत करते रहे। लगभग 10 ... पर मेट्रो ट्रेन पांच मिनट से अधिक ... जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

# बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय को मिलेगा धीरपुर में अपना परिसर, सरकार ने दी मंजूरी

## 50 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाले इस परिसर में पढ़ सकेंगे आठ हजार छात्र

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली को अपना परिसर मिलने वाला है। लगभग 1668 करोड़ की लागत से उत्तरी दिल्ली के धीरपुर में विकसित होने वाले इस विश्वविद्यालय परिसर को आधुनिक शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। इसमें स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल पुस्तकालय, शोध प्रयोगशालाएं, हरित परिसर व छात्रावास की समुचित व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित दिल्ली सरकार की व्यय वित्त समिति की बैठक में इसके निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। परियोजना को दिल्ली शहरी कला आयोग (डीयूएसी) और दिल्ली अग्निशमन सेवा सहित आवश्यक प्रमुख वैधानिक अनुमति पहले ही प्राप्त हो चुकी हैं, जिससे इसके क्रियान्वयन का मार्ग और अधिक सुगम हुआ है।



उत्तरी दिल्ली के धीरपुर में बनने वाले बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय परिसर का प्रस्तावित माडल • सौजन्य: दिल्ली सरकार

इस समय अंबेडकर विश्वविद्यालय का मुख्य परिसर कश्मीरी गेट पर स्थित है। यह विश्वविद्यालय का स्थायी भवन नहीं है। कश्मीरी गेट के साथ ही कर्मपुरा, लोधी रोड और कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया जैसे क्षेत्रों में विभिन्न स्कूल (विभाग) संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में यहां 20 स्नातक, 28 परास्नातक व 22 पीएचडी प्रोग्राम चल रहे हैं। कुल 2614 सीटों में 1123 स्नातक व 1491 परास्नातक की हैं। जगह की कमी के चलते इन पाठ्यक्रमों में विस्तार कठिन हो गया है। धीरपुर परिसर के बन जाने से न केवल छात्रों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि नए-नए कोर्स और रिसर्च सेंटर शुरू करने का रास्ता भी खुलेगा।

नया परिसर 50 एकड़ क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से लगभग आठ हजार छात्रों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। परियोजना के प्रथम चरण में 5400 विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही 840 विद्यार्थियों के लिए छात्रावास सुविधाएं और शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधाओं का भी प्रविधान किया गया है। नए परिसर में आधुनिक शैक्षणिक ब्लाक, केंद्रीय पुस्तकालय, प्रशासनिक भवन, छात्र सुविधाएं, 2500 सीटों की क्षमता वाला भव्य सभागार, स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर और पार्किंग सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परिसर शिक्षा और सतत विकास के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण होगा। परिसर को ग्रीन रेटिंग फार इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट (जीआरआइएचए) 5-स्टार रेटिंग के अनुरूप विकसित करने की योजना बनाई गई है। बैठक में दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश वर्मा, शिक्षा मंत्री आशीष सूद सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। परियोजना के क्रियान्वयन से संबंधित आगे की सभी आवश्यक प्रक्रियाएं अब लोक निर्माण विभाग आगे बढ़ाएगा।